Semester-2

Topic- N.C.E.R.T की स्थापना (1961) Page ①

BY- Dr. Shyam Bihari Choudhary

Date 03/04/09 | Page No. 24/04/20

रा० शै० अ० प्रशि० परिषद की स्थापना

भारत सरकार द्वारा रजिस्ट्रेशन अधिनियम (1960) का 21 वाँ अधिनियम के अन्तर्गत रजिस्टर्ड स्वायत्त संगठन के रूप में की गयी थी और इसे मानव संसाधन विकास मन्त्रालय भारत सरकार, राज्यों तथा संघ राज्यों क्षेत्रों के शिक्षा विभागों को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी कार्यान्वयन करने की विशेष रूप से विद्यालयी शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए सलाह एवं सहायता देने का काम दिया गया था। अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए N.C.E.R.T एवं इसके संघटक ईकाईयाँ इस प्रकार है

① विद्यालयी शिक्षा से संबंधित क्षेत्रों/विषयों पर स्वयं अनुसंधान / शोध कार्य करती है और दूसरों के द्वारा किये जा रहे शोध कार्यों के लिए सहायता एवं प्रोत्साहन देती है तथा उनके बीच समन्वय करती है।

② अध्यापकों के लिए सेवापूर्व तथा सेवाकालीन प्रशिक्षण आयोजित करती है

③ जो संस्थायें शैक्षिक अनुसंधान, अध्यापकों के प्रशिक्षण में संलग्न हैं अथवा विद्यालयों के लिए विस्तार सेवायें उपलब्ध कराती है तथा इसके विस्तार सेवाओं की व्यवस्था करती है।

④ उन्नत शैक्षिक तकनीकें, परिपाटियाँ, एवं नवाचार विकसित और प्रकाशित करती है
प्रसारित